**SNBP INTERNATIONAL & SENIOR SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**ACADEMIC SESSION 2024 -25**
**CLASS NOTES**

# पाठ- २ सुरकन्या

**PREPARED BY:** Deepali Jadhav    Class : II

Subject – Hindi

**प्रश्न १. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -**

१ ) जंगल - वन
२ ) आवाज़ - ध्वनि
३ ) मीठी - सुनने में मधुर
४ ) नन्हें -छोटे
५ ) पंख - पर
६ ) शीतल - ठंडा
७ ) रक्षा - सुरक्षा
८ ) क्रोध - गुस्सा

**प्रश्न २. कठिन शब्दों को फिर से दो बार लिखिए -**

१ ) नन्हें - नन्हें नन्हें
२ ) वर्षा - वर्षा वर्षा
३ ) फड़फड़ाई - फडफड़ाई फड़फड़ाई
४ ) आज्ञा - आज्ञा आज्ञा
५ ) प्यासे - प्यासे प्यासे

**प्रश्न ३. श्रुतलेख - दिए गए वाक्य को पाँच बार लिखिए -**

सुरकन्या मधुर गीत गाती थी ।

**प्रश्न ४ दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों मे प्रयोग कीजिए -**

१ ) प्यार - स्नेह

वाक्य- माता - पिता अपने बच्चों से बहुत प्यार करते है ।

२ ) आज्ञा -आदेश

वाक्य - राजा ने अपने सेवकों को आज्ञा दी ।

**प्रश्न ५. खाली जगह भरिए -**

१ ) सुरकन्या की आवाज बड़ी मीठी और सुरीली थी।

२ ) सुरकन्या को पकड़कर सोने के पिंजरे में डाल दिया गया ।

३ ) सुरकन्या के दो नन्हें , प्यारे बच्चे थे ।

**प्रश्न ६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -**

१ ) सुरकन्या के कितने बच्चे थे ?

उत्तर -सुरकन्या के दो बच्चे थे ।

२ ) सुरकन्या को कहाँ लाया गया ?

उत्तर - सुरकन्या को राजदरबार में लाया गया ।

**प्रश्न ७ ) गतिविधि - काग़ज की चिड़िया बनाइए और नोटबुक में चिपकाइए |**

## व्याकरण पाठ -२ वर्ण

**वर्ण -** ध्वनियों के लिखे जाने वाले रूप वर्ण या अक्षर कहलाते है ।

**वर्णमाला** - वर्णों के एक निश्चित क्रम को वर्णमाला कहते हैं ।

**वर्ण के प्रकार** - वर्ण **दो** तरह के होते हैं - **१) स्वर २) व्यंजन**

**स्वर** - हिंदी में ग्यारह ( ११ ) स्वर होते हैं ।

**व्यंजन** - हिंदी में ( ३३ ) व्यंजन होते हैं ।

**संयुक्त व्यंजन** - क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ये चार संयुक्त व्यंजन कहलाते है ।

**ड़, ढ़** - इन वर्णों से किसी भी शब्द की शुरुआत नहीं होती है ।

**अं, अः** - ये अयोगवाह कहलाते हैं ।